# मिशन शिक्षण संवाद

## काव्य मंजरी

शैक्षिक कविताओं का संकलन

# उत्तर भारत की नदियाँ



संकलन

- काव्यांजलि टीम -

मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with CamScanner

मिशन शिक्षण संवाद

# उत्तर भारत की नदियाँ

## झेलम नदी

01





मिलजुल कर अनेक नदियाँ,
भारत को सरसाती हैं।
जन-जीवन को सुख देती हैं,
अन्तर को हरसाती हैं।।

इन नदियों में ही झेलम का,
बहुत सलोना नाम है।
इसके तट पर हुआ सिकन्दर,
पोरस का संग्राम है।।

शेषनाग जो झील कहाती,
है जम्मू-कश्मीर की।
वो उद्गम मानी जाती है,
झेलम के शुभ नीर की।।

बड़ी नदी है आकर्षक है,
सीधी सरल प्रवाही है।
सात सौ पच्चीस किलोमीटर,
तक झेलम की लम्बाई है।।

सतत् वाहिनी नदी वितस्ता,
को वेदों से मान मिला।
मुगल काल में उसी नदी को,
झेलम जैसा नाम मिला।।



रचना-प्रवीणा दीक्षित
Kgbv kasganj

Scanned with CamScanner

मिशन शिक्षण संवाद

# उत्तर भारत की नदियाँ

## झेलम नदी

| | |
|---|---|
| स्रोत | शेषनाग झील |
| नदीमुख | चिनाव नदी |
| जलसम्भर देश | India, Pakistan |
| लम्बाई | 725 कि॰मी॰ (2,379,000 फीट) |
| औसत प्रवाह | 221.9 $m^3/s$ |





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### सतलुज नदी

02

पंजाब की समृद्धि,
सतलज नदी विख्यात है।
बाँध भाखड़ा बना इसी पर,
भारत की बुनियाद है।।
उद्गम स्थल राक्षस ताल,
शतद्रु नाम प्राचीन है।
मानसरोवर झील के पास,
तिब्बत में विस्तीर्ण है।।

भारत में इसकी लंबाई,
एक हजार पचास किलोमीटर।
शेष बहती पाकिस्तान में,
चार सौ पचास किलोमीटर।।
राजस्थान नहर और बीकानेर
नहर को देती पानी।
सदानीरा यह नदी कहाए,
वर्ष भर रहे इसमें पानी।।

भारत और पाकिस्तान की
सीमा निर्धारण करती।
रोपड़ में ही पहाड़ से
सतलज मैदान में उतरती।।
कई सहायक नदियाँ इसकी,
ब्यास,बासपा,स्फीति।
नांगली,खड्डु,स्वां नदी हैं जानो,
ये जल को लेतीं-देतीं।।



अरविन्द कुमार सिंह (स०अ)
प्रा०वि०-धवकलगंज
बड़ागाँव,वाराणसी।

Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### सतलुज नदी

02





लंबाई: 1,450 कि.मी.

प्रवाह: 500 m³/s

स्रोत: कैलास पर्वत

शहर: अमृतसर

मुहाने: अरब सागर, पानजनाद नदी

पुल: सुतलेज ब्रिज





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ





### गंगा नदी

03

गोमुख से निकली है गंगा
तन पावन मन करती चंगा।
बाएँ महाकाली, कोसी सरयू
दाएँ यमुना, सोन महानंदा।।

प्रयागराज में संगम करके
बंगाल की खाड़ी में जा मिलके।
सरल, आकर्षक, शुद्ध नीर की
राष्ट्रीय नदी बन गयी है गंगा।।

पटना, बक्सर, हरिद्वार, कानपुर
वेगू, बनारस इसकी तरंगा।
मोक्षदायनी, पाप-नाशिनी
सरितश्रेष्ठ महानदी है गंगा।।



आयुषी अग्रवाल स०अ०
कम्पोजिट विद्यालय शेखूपुर खास
कुन्दरकी(मुरादाबाद)

Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### गंगा नदी

| | |
|---|---|
| देश | भारत, नेपाल, बांग्लादेश |
| उपनदियाँ | |
| - बाएँ | महाकाली, करनाली, कोसी, गंडक, सरयू |
| - दाएँ | यमुना, सोन नदी, महानंदा |
| स्रोत | गंगोत्री हिमनद |
| - स्थान | उत्तराखण्ड, भारत |
| - ऊँचाई | 3,892 मी. (12,769 फीट) |
| - निर्देशांक | 30°59'N 78°55'E / 30.983°N 78.917°E |





Scanned with CamScanner

मिशन शिक्षण संवाद

# उत्तर भारत की नदियाँ

## व्यास नदी

04





पाँच नदियों का समाहार प्रदेश,
व्यास नदी है पंचनद में से एक।
रोहतांग दर्रा व्यास का उद्गम स्थल,
मनाली,मण्डी शहर के लिए विशेष।।

पण्डोह,पोंग बांध इस पर निर्मित,
छोटी-बड़ी कई नदियां समाहित।
पंजाब में मिरथल से कर प्रवेश,
आंगुतकों को करती सम्मोहित।।

व्यास कुंड से होकर प्रवाहित,
महर्षि व्यास के नाम से वाहित।
सतलज के संग करती संगम,
अरब सागर में होती समाहित।।




प्रतिभा चौहान (स०अ०)
प्रा०वि० गोपालपुर
डिलारी, मुरादाबाद


Scanned with CamScanner

मिशन शिक्षण संवाद

# उत्तर भारत की नदियाँ

## व्यास नदी

| | |
|---|---|
| स्थानीय नाम | ब्यास |
| नदीमुख | 31°09'16"N 74°58'31"E / 31.15444°N 74.97528°E |
| लम्बाई | 470 |
| जलसम्भर क्षेत्र | 20.303 |





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### यमुना नदी

05





विष्णु पुराण में जिसका वर्णन है मिलता
यम है जिसके भाई तथा सूर्य जिसके पिता।
भारत की तीसरी सबसे लंबी नदी है ये कहाती
चंबल बेतवा केन जिसमें है मिल जाती।।

गंगा में दायीं ओर से यमुना नदी है मिलती
यमुनोत्री के समीप कालिंदी पर्वत से निकलती।
ओखला बांध है दिल्ली में इसी के तट पर बना
अद्भुत ताजमहल भी देखो इसके तट पर बसा।।

आगरा, मथुरा ,इटावा ,प्रयागराज सभी
देखो इसके तट पर ही स्थित है।
भू भाग में आने पर हिंडन और मस्कारा
नदियां भी इसमें समाहित है।।



आकांक्षा मिश्रा
प्रा० वि०सिंकन्दरपुर
सुरसा(हरदोई)

Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ





### यमुना नदी

| | |
|---|---|
| देश | भारत |
| राज्य | उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा |
| उपनदियाँ | |
| - बाएँ | टोंस, हिंडन, शारदा, कुंता, गिरि, ऋषिगंगा, हनुमान गंगा |
| - दाएँ | चम्बल, बेतवा, केन, सिंध |
| शहर | दिल्ली, मथुरा, आगरा, इटावा, कालपी, प्रयागराज |
| स्रोत | यमुनोत्री |
| - स्थान | बन्दरपूँछ चोटी, उत्तरकाशी जिला, उत्तराखण्ड, भारत |
| - ऊँचाई | 3,293 मी. (10,804 फीट) |
| - निर्देशांक | 31°01'0.12"N 78°27'0"E / 31.0167000°N 78.450 |





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### गोमती नदी

06

उत्तर भारत की पवित्र नदी गोमती।
जो 900 कि०मी० की दूरी तक बहती।।
पीलीभीत की फुल्हर झील से उदगम्।
वाराणसी में गंगा नदी से हुआ संगम।।

ब्रह्मर्षि वशिष्ठ की पुत्री है गोमती।
दुनियां इसमें अपने सारे पापो को धोती।।
श्री राम ने भी इस नदी में स्नान किया।
ब्रह्महत्या से उन्होने खुद को मुक्त किया।।

सुल्तानपुर जिला गंगा गोमती तट पर।
"धोपाप" नामक स्थान स्थित है यहाँ पर।।
दशहरा को जो प्राणी स्नान यहाँ करता।
मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग उसे मिलता।।



मन्जू शर्मा (स०अ०)
प्रा०वि० नगला जगराम
सादाबाद,हाथरस

Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

## गोमती नदी

लंबाई: 900 कि.मी.

स्रोत: Gomat Taal

उदगम: गोमत ताल

मुहाना: गंगाजी

पुल: शाही पुल, सुदामा सेतु

शहर: लखनऊ, जौनपुर, सुल्तानपुर





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

## केन नदी 07





केन नदी के नाम से यह नदी जानी जाती,
बुंदेलखंड की जीवनदायिनी यह मानी जाती।
सात पहाड़ों को चीर कर यह नदी बहती है,
पहले कर्णवती नाम था यह पुरानी कहानी
कहती है।।

इस नदी में कीमती पत्थर शज़र पाया जाता,
पन्ना आजमगढ़ बांदा से यह से लाया जाता।
पूरी दुनिया में इस पत्थर का कोई नहीं है
मेल,
ईरान मुंबई तक चोरी-छिपे लोग करते
इसकी सेल।।

मध्य प्रदेश के दमोह जिले से केन नदी निकलती
है,
उत्तर प्रदेश से बहती हुई यमुना नदी में मिलती है।
मध्यप्रदेश की पांच नदी में केन नदी प्रमुख है,
मध्यप्रदेश की यह एक मात्र नदी है जो प्रदूषण
मुक्त है।।




रचना - शहनाज बानो (स.अ.)
पू.मा.वि.भौंरी, क्षेत्र- मानिकपुर
जनपद- चित्रकूट


Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

# केन नदी

| स्थान | |
|---|---|
| देश | भारत |
| राज्य | मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश |
| क्षेत्र | बुन्देलखंड |
| **भू लक्षण** | |
| नदीमुख | यमुना नदी<br>25°46′N 80°31′E / 25.767°N 80.517°E |
| मुख स्थान | चिल्ला, फतेहपुर जिला, उत्तर प्रदेश |
| लम्बाई | 427 कि॰मी॰ (265 मील) |





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### घाघरा नदी

8

घाघरा नदी है निराली,
नाम गोगरा और करनाली।
गंगा की है सहायक नदी,
उत्तर भारत में बहे नदी।

ऊंचे पर्वत शिखरों से,
दक्षिणी-तिब्बत हिमालय से।
हिमालय से बहकर निकलती,
कल कल करती हुई चलती।

कर्णाली नाम से भी जानी जाती,
यहीं से नेपाल होकर बह जाती।
नेपाल से बहकर जब निकलती,
बिहार में तब प्रवेश कर जाती।




रीना(स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय गिदहा
क्षेत्र-सदर,महराजगंज


Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### घाघरा नदी

| | |
|---|---|
| देश | भारत, नेपाल, तिब्बत |
| स्रोत | मापचाचुंगो हिमनद |
| - स्थान | तिब्बत, चीन |
| - ऊँचाई | 3,962 मी. (12,999 फीट) |
| मुहाना | गंगा |
| - स्थान | डोरीगंज, भारत |
| लंबाई | 1,080 कि.मी. (671 मील) |
| जलसम्भर | 1,27,950 कि.मी.$^2$ (49,402 वर्ग मील) |





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### बेतवा

09

मध्यप्रदेश राज्य में,
नदी बेतवा बहती है |
यमुना की सहायक,
बेतवा कहलाती है |
रायसेन के गाँव कुम्हारा,
से यह निकलती है |
भोपाल, विदिशा, झांसी
ललितपुर जिलों में बहती है|

लम्बाई 590 किलो मीटर
उत्तर पूर्व की शोभा बढ़ाती है |
विंध्याचल पर्वत से निकल
समतल पर आती है |
झरना बन झांसी के निकट
गति धीमी हो जाती है |
बुन्देलखण्ड पठार की
लम्बी नदी मानी जाती है |

हमीरपुर के निकट
यमुना में मिल जाती है |
सांची और विदिशा नगरी,
की ख्याति बढ़ाती है |
सांस्कृतिक नगर से
भारत का गौरव बढ़ाती है
जीवन दायनी बन
जीवन को सुखमय बनाती है।



रचना-प्रतिमा उमराव स. अ.
विद्यालय - उच्च प्राथमिक विद्यालय अमौली
शिक्षा क्षेत्र- अमौली
जनपद -फतेहपुर

Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ


### बेतवा नदी

देश - भारत

लम्बाई - 590 km

स्रोत - विंध्याचल पर्वत श्रृंखला

मुहाना - यमुना नदी





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### गंडक नदी

10





उत्तर भारत और मध्य प्रदेश मे
गंडक नदी है बहती।
जनता इसको 'नारायणी नदी'
भी है कहती।।

काली और त्रिशूली के संगम से
बनी ये गंडकी नदी।
नेपाल की उच्च हिमालय के
पर्वतश्रेणी से है निकलती।।

दक्षिण पश्चिम दिशा में यह
भारत की ओर है बहती
उ०प्र०,बिहार,गंगा के मैदान में
दक्षिण पूर्व दिशा में बहती

765 किमी लम्बे घुमावदार रास्तें से
गुजरते हुए पटना में गंगा में मिलती।
बूढ़ी गंडक पूरानी जलधारा है वो
पूर्व में गंडक के समान्तर है बहती।।



वन्दना यादव "ग़ज़ल"
अभि०प्रा०वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर

Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

# उत्तर भारत की नदियाँ

## गंडक नदी

| | |
|---|---|
| देश | भारत |
| राज्य | बिहार |
| जिला | पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूस |
| स्रोत | 27°21'50"N 84°21'04"E / 27.36389°N 84.35111°E |
| - स्थान | पश्चिमी चम्पारण ज़िले में रामनगर और बगहा के बीच |
| मुहाना | 25°26'02"N 86°36'25"E / 25.43389°N 86.60694°E |
| - स्थान | खगड़िया के पास गंगा नदी में |
| लंबाई | 320 कि.मी. (199 मील) |





Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

### पहुज नदी

11

उत्तर भारत बुंदेलखंड में एक नदी है पहुज नदी।
धार्मिक ग्रंथों में जानी जाती है यह पुष्पावती।।

झांसी के निकट  बेदोरा गांव से निकली है ।
जालौन जनपद में जाकर सिंध नदी में मिली है।।

सूर्योदय का यहां नजारा भव्य हुआ करता था।
संस्कृतियों के साथ ही जीवो की थी संरक्षिका।।

वर्तमान में प्रदूषण से लग गया इसके सौंदर्य को
ग्रहण ।
आखिरी सांसें गिन रही हो रहा है इस पर
अतिक्रमण।।

माना कि पहुज नदी धार्मिक आस्था से जुड़ी है।
पर आज अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही है।।




हेमलता गुप्ता(स०अ०)
प्रा०वि०मुकंदपुर
लोधा(अलीगढ़)


Scanned with CamScanner

# मिशन शिक्षण संवाद

## उत्तर भारत की नदियाँ

## पहुज नदी

उद्गम - झांसी के निकट बेदौरा
लंबाई - 724 किलोमीटर
प्राचीन नाम - पुष्पावती





Scanned with CamScanner

# – रचनाकारों की सूची –

–प्रवीणा दीक्षित, कासगंज
– अरविन्द कुमार सिंह,वाराणसी
–आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
– प्रतिभा चौहान, मुरादाबाद
– आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
– मन्जू शर्मा, हाथरस
– शहनाज़ बानो, चित्रकूट
– रीना सैनी, महराजगंज
– प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
–वन्दना यादव गज़ल, जौनपुर
– हेमलता गुप्ता, अलीगढ़

## टेक्निकल टीम

आर.के.शर्मा, चित्रकूट
साकेत बिहारी शुक्ल,चित्रकूट

## संकलन

काव्यांजलि टीम
मिशन शिक्षण संवाद

Scanned with CamScanner